





### एक नजर में

## कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने किए भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन, जिले की खुशहाली की कामना



**मंदसौर।** मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने शनिवार को मंदसौर प्रवास के दौरान भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने जिले की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। मंत्री श्री सिंह ने मंदिर में भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन कर प्रदेश और क्षेत्र की प्रगति के लिए प्रार्थना की। दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस मौके पर लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, गरोठ विधायक चंदर सिंह सिसोदिया, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, देवीलाल धाकड़, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा और आस्था का माहौल देखने को मिला। मंत्री के आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने उनका स्वागत भी किया।

## बूढ़ा में 85 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन, सिंचाई व सड़कों को मिलेगा बल



**मंदसौर।** मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बूढ़ा में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने 85.61 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में कई प्रमुख सड़क परियोजनाओं की शुरुआत की गई। भूमिपूजन अंतर्गत गर्रावद-चिल्लोद पिपलिया, खड़पालिया-काल्याखेड़ी, गुर्जरबर्डिया महादेव मंदिर मार्ग और मुंडकोषा-सुजानपुरा मार्ग शामिल हैं। वहीं नारायणगढ़-बिल्लोद मार्ग, मल्हारगढ़ रेलवे स्टेशन-नारायणगढ़ मार्ग, पिपलियामंडी बायपास और बालागुड़ा से खेडाखदान मार्ग सहित अन्य सड़कों का लोकार्पण किया गया। कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि मल्हारगढ़ क्षेत्र के लिए बजट में 450 करोड़ रुपए के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान दिया जा रहा है, जिसके तहत 'लोक कल्याण सरोवर' और रिचार्ज पिट बनाए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि दिसंबर 2026 तक गांधी सागर का पानी क्षेत्र के हर खेत तक पहुंचाने का लक्ष्य है, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। उन्होंने क्षेत्र में सड़कों, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को उल्लेखनीय बताया। सांसद सुधीर गुप्ता ने सिंचाई व शिक्षा सुविधाओं के विस्तार को क्षेत्र के लिए लाभकारी बताया, वहीं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने सड़कों और जल उपलब्धता में सुधार को संतुलित विकास का परिणाम बताया।

# सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण

▸ **विधायक विपिन जैन ने की हॉल निर्माण हेतु 10 लाख रू. की घोषणा**



**मन्दसौर।** सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ के नवीन सत्र हेतु शपथ विधि ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विपिन जैन, विशिष्ठ अतिथि प्राचार्य मनीषा चौरडिया, प्रतापगढ़, सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेंद्र जैन, महामंत्री शेखर कासमा, युवा प्रकोष्ठ महामंत्री कमलेश कटारिया उपस्थित थे। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ के महामंत्री विनाली मेहता मंत्री पूर्णिमा चोरडिया, नीमा जैन अलका जैन पूर्व महामंत्री सारिका बाकलीवाल, शिक्षा मंत्री ज्योति खिमेसरा, कोषाध्यक्ष प्रीति नगरीवाला, प्रवक्ता सोनिया मारू भी मंचासीन रहे। प्रारंभ में हीरल नलवाया, यश्वी कुदार, मिशिका मारू, बिहाना मारू, अनन्या खिंदावत, खनक बांठिया ने मनमोहक मंगलाचरण नृत्य की प्रस्तुति दी उसके बाद चहेती सुराणा, श्वेता जैन, अतिका जैन और नीलू पाटनी ने मधुर स्वागत गीत गाकर अतिथियों का अभिनंदन किया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक विपिन जैन ने महिला शक्ति की सराहना करते हुए कहा कि समाज के उत्थान में महिलाओं की भागीदारी सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि महिलाएं न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज को संस्कारित करने की धुरी हैं। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की नव निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा समाज के कार्यक्रमों हेतु एक हॉल निर्माण की मांग रखी गई, जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए विधायक श्री जैन ने 10 लाख रुपए की राशि विधायक निधि से स्वीकृत करने की घोषणा की। जिसका करतल ध्वनि से सभी ने स्वागत किया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रतापगढ़ से पधारी प्रिंसिपल डॉ. मनीषा चौरडिया ने अपने संबोधन में कहा कि आज की महिला को अपनी क्षमताओं को पहचानकर समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।

सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेंद्र जैन ने शपथ दिलवाते हुवे समाज की मजबूती के लिए संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि हमें सरकारी नीतियों और आरक्षण का लाभ उठाने की दिशा में सक्रिय प्रयास करने चाहिए ताकि समाज का हर वर्ग सशक्त बन सके।

इसके पश्चात पदाधिकारियों द्वारा सुंदर एकता का एक्ट किया गया

कार्यक्रम के दौरान स्वागत उद्बोधन देते हुए महामंत्री विनाली मेहता ने विश्वास दिलाया कि वह प्रकोष्ठ की गरिमा को सदैव अक्षुण्ण बनाए रखेंगी और सेवा कार्यों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेंगी। मंत्री पूर्णिमा चौरड़िया ने महिला प्रकोष्ठ द्वारा अभी तक संचालित किए गए 9 महत्वपूर्ण सेवा प्रकल्पों की विस्तृत जानकारी साझा की। अतिथि परिचय अलका जैन ने दिया। समारोह में पूर्व महामंत्रियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर सभी सह मंत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन शशि मारू एवं हेमा हिंगड़ ने किया तथा अंत में नीमा जैन ने आभार माना।



## लोक कल्याण सरोवर का आकार ठीक और व्यवस्थित करें : कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह

**मंदसौर।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह ने आज मिण्डला खेड़ा में निर्मित लोक कल्याण सरोवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सरोवर के आकार (शेप) को ठीक एवं व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरोवर का आकार समरूप नहीं है, जिसे एकसमान और संतुलित किया जाए, ताकि यह अधिक सुंदर एवं आकर्षक दिखाई दे। साथ ही यह जल संग्रहण का एक प्रभावी केंद्र बन सके और जल संरक्षण को बढ़ावा दे। उन्होंने बताया कि इस पहल से क्षेत्र के हजारों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। केबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रदेश भर में 'लोक निर्माण से लोक कल्याण' योजना के अंतर्गत लोक कल्याण सरोवरों का निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान एक ही स्थान से मिट्टी खोदकर उसके स्थान पर लोक कल्याण सरोवर बनाए जा रहे हैं। अब तक प्रदेश में 508 सरोवर बनाए जा चुके हैं और वर्तमान वर्ष में 600 नए सरोवर निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मंदसौर जिले के मिण्डला खेड़ा में निर्मित इस सरोवर की जल भंडारण क्षमता 2800 क्यूबिक मीटर है तथा इसकी गहराई 2.00 मीटर है। यह सरोवर लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किया गया है, जो क्षेत्र में जल संरक्षण और उपयोग के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



## गरोठ में स्व-गणना जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला, उत्कृष्ट कार्य पर कर्मियों का सम्मान

**गरोठ।** जनगणना 2027 के तहत चल रहे स्व-गणना अभियान को लेकर नगर परिषद गरोठ द्वारा दशहरा खेल मैदान पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आमजन को प्रेरित करने के लिए मानव श्रृंखला बनाकर स्व-गणना का संदेश दिया गया। जिलाधीश के मार्गदर्शन एवं शासन के निर्देशानुसार 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक चल रहे अभियान में नगर के वार्ड प्रभारियों एवं दलों द्वारा सक्रिय रूप से नागरिकों से संपर्क कर कार्य किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप आधे से अधिक वार्डों में शत-प्रतिशत स्व-गणना पूर्ण हो चुकी है, जिससे गरोठ नगर प्रदेश एवं जिले में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। उत्कृष्ट कार्य के लिए वार्ड प्रभारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं प्रगणकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राहुल चौहान, नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, तहसीलदार अर्जुनसिंह भदौरिया एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी गिरीश शर्मा ने सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में उपयंत्री राहुल गणावा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में सभी ने मानव श्रृंखला बनाकर स्व-गणना में सहभागिता बढ़ाने का संदेश दिया।

**एक नजर** ▸ **सुविधाओं को मिलेगा नया विस्तार**

# मंदसौर में 29 करोड़ के स्वास्थ्य कार्यों का लोकार्पण

**मंदसौर। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय में 29 करोड़ 52 लाख रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।**



इस दौरान 7.50 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 100 बिस्तरीय नवीन वार्ड और 17.29 करोड़ रुपए के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) भवन का लोकार्पण किया गया। वहीं 4.73 करोड़ रुपए की लागत से चांदाखेड़ी फंटा से खजुरिया मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी हुआ। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ने से डॉक्टरों की कमी दूर होगी और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने नए भवनों को क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी सौगात बताते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की बात कही। कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने एमसीएच भवन को आशाओं का केंद्र बताते हुए कहा कि यह माताओं और शिशुओं को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते बजट और सुविधाओं के विस्तार का उल्लेख किया, वहीं सांसद बंशीलाल गुर्जर ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की सराहना की। अंत में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए गए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नीमच

### एक नजर में

## पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2025-26 के आवदेन करवाएं

**नीमच।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2025-26 में नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति आवेदन हेतु MPTAAS पोर्टल पुन: प्रारंभ हो चुका है। जिसकी अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित की गई है। नीमच जिले में संचालित समस्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया है, कि उनकी संस्था में अध्ययनरत वर्ष 2025-26 में नवीन एवं नवीनीकरण छात्रों के MPTAAS पोर्टल पर आवेदन भरवाने की आवश्यक कार्यवाही करें।

## नगरपालिका मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**नीमच।** म.प्र.राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका निर्वाचन हेतु 01 जनवरी 2026 की संदर्भ तारीख पर फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा ने बताया कि 27 अप्रैल तक प्रशिक्षण व नियुक्ति, 15 मई को प्रारूप मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन तथा 15 मई से 25 मई 2026 तक दावा-आपत्ति केन्द्रों पर दावे-आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। दावा-आपत्ति निराकरण 30 मई तक, [illegible] में प्रविष्टि 05 जून तक तथा अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 18 जून 2026 को किया जाएगा। अंतिम सूची 22 जून तक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाएगी। सभी पात्र नागरिक 01.01.2026 की अर्हता तिथि पर 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हों, वे 15 से 25 मई तक अपने क्षेत्र के दावा-आपत्ति केन्द्र पर नाम जुड़वाने, हटवाने या संशोधन हेतु आवेदन कर सकते हैं।

## पराली जलाने से खेत में लगी आग, धानुका फैक्ट्री के पास भीषण लपटें, मची अफरा-तफरी



**नीमच।** नीमच शहर के समीप जेतपुरा-रावतखेड़ा मार्ग पर स्थित धानुका फैक्ट्री के पीछे शुक्रवार को एक खेत में पराली जलाने से भीषण आग लग गई। आग इतनी बेकाबू हो गई कि यह चारों तरफ फैल गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि उन्हें काफी दूर से देखा जा सकता था। जिस खेत में आग लगी, वह धानुका फैक्ट्री से महज 100 मीटर की दूरी पर है। गनीमत रही कि आग फैक्ट्री तक नहीं पहुंची, अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। यदि हवा का रुख फैक्ट्री की तरफ होता तो भारी नुकसान की आशंका थी। सूचना मिलते ही नगर पालिका की एक और धानुका फैक्ट्री की दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जिले में प्रशासन द्वारा पराली जलाने पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद, खेत में पराली जलाई गई, जो कलेक्टर के सख्त आदेशों का उल्लंघन है। इस घटना ने प्रशासन के नियमों के पालन पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# उर्स की रौनक–सुफियाना कव्वालियों पर झूमे अकीदतमंद, गूंजा कौमी एकता का पैगाम

**नीमच।** मालवा-मेवाड़ के मशहूर सूफी संत हज़रत शहाबुद्दीन बाबा के 131वें राष्ट्रीय कौमी एकता उर्स मुबारक का चार दिवसीय आयोजन दरगाह कमेटी नीमच सिटी की जानिब से बड़े अदब और शान-ओ-शौकत के साथ जारी है। उर्स के मौके पर 23 अप्रैल की रात महफ़िल-ए-शमा में सुफियाना कव्वाली का शानदार आयोजन हुआ, जिसने देर रात तक अकीदतमंदों को झूमने पर मजबूर कर दिया। दरगाह कमेटी के सदर मुन्ना दुर्रानी ने बताया कि नमाज़-ए-इशा के बाद शुरू हुई इस रूहानी महफ़िल में मशहूर कव्वाल निसार एहसान चिश्ती (चित्तौड़गढ़) और कमर वारसी (देवा शरीफ) की कव्वाल पार्टियों ने अपने कलाम पेश कर समा बांध दिया।



उर्स के दौरान दरगाह शरीफ पर जायरीन ने हाज़िरी देकर चादर और फूल पेश किए तथा मुल्क में अमन-ओ-अमान और खुशहाली की दुआएं मांगीं। शाम के समय तबर्रुक और लंगर का वितरण भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर बरकत हासिल की। इस मौके पर मंदसौर के सूफी बुजुर्ग हज़रत वकीलउद्दीन मियां जी सरकार की आमद भी खास रही। साथ ही विभिन्न सामाजिक व धार्मिक क्षेत्रों से जुड़े कई गणमान्य लोग और बाहर से आए सूफी मेहमान मौजूद रहे। पूरा उर्स मोहब्बत, भाईचारे और कौमी एकता का जीवंत संदेश देता नजर आया, जहां हर मजहब के लोग एक साथ मिलकर इस रूहानी महफ़िल का हिस्सा बने।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत 3 वर्षीय बालिका सुरक्षित रेस्क्यू

**मनासा।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत मनासा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक तीन वर्षीय मासूम बालिका को सुरक्षित रेस्क्यू कर उसके परिजनों से मिला दिया। थाना मनासा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमनाथ मंदिर क्षेत्र निवासी अनिल सूर्यवंशी की पुत्री अचानक घर से कहीं चली गई थी। परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए तलाश अभियान शुरू किया। थाना प्रभारी नीलेश अवस्थी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चिता फोर्स के जवानों को तत्काल निर्देशित किया। इसके बाद चिता जवान पिंकेश मोगिया और विनोद भाटी ने तत्परता दिखाते हुए बालिका को सुरक्षित ढूंढ निकाला और परिजनों तक पहुंचाया।

## सल्फास खाने से अधेड़ की मौत, उदयपुर में उपचार के दौरान हुई, पुलिस जांच जारी

**नीमच।** जिले के कनावटी गांव में 45 वर्षीय एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों से सल्फास का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उसे उदयपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। यह घटना कैंट थाना क्षेत्र में सामने आई है। जानकारी के अनुसार, कनावटी निवासी इमरान पिता बशीर भिश्ती ने गुरुवार देर शाम अपने घर पर जहरीले सल्फास का सेवन कर लिया था। इसके बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। रात करीब 12 बजे इमरान का भाई सरिस उसे गंभीर अवस्था में नीमच जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचा। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उदयपुर रेफर कर दिया। उदयपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद उपचार के दौरान इमरान की मौत हो गई। इमरान की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजन शुक्रवार सुबह शव को लेकर वापस नीमच जिला चिकित्सालय पहुंचे। यहां जिला अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल, कैंट थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इमरान ने किन परिस्थितियों में यह आत्मघाती कदम उठाया।



## लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी

**नीमच।** सी एम राइस स्कूल नीमच में शुक्रवार दिनांक 24.4.2026 को बालिकाओं को किशोर न्याय बोर्ड नीमच की प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट अंकिता गुप्ता मैडम एवं सदस्य सुश्री ज्योति बेंस एवं विश्वास खंडेलवाल द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 ( *POCSO* अधिनियम) के विषय पर जानकरी देते बताया कि पोक्सो अधिनियम 2012 भारत का एक कानून है जिसका उद्देश्य बच्चों को यौन शोषण और यौन हमलों से बचाना है। यह 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे पर लागू होता है, भले ही वह लड़का हो या लड़की, और उन्हें यौन उत्पीड़न, बाल पोर्नोग्राफी और अन्य संबंधित अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है. इस कानून के तहत ऐसे अपराधों के लिए विशेष न्यायालय स्थापित किए गए हैं, जिससे बच्चों को तेजी से न्याय मिल सके। व बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 ([illegible]) के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह कानूनी रूप से अपराध है, जिसमें दोषियों को 2 साल तक की सजा और 1 लाख का जुर्माना हो सकता है। यह कानून व्यक्तिगत कानूनों पर हावी है और सभी नागरिकों पर लागू होता है एवं दहेज अधिनियम जैसी महत्वपूर्ण अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई इस कार्यक्रम में सी एम राइस स्कूल का स्टाफ एवं छात्राए उपस्थित थी।

**एक नजर** ▸ **साढ़े तीन घंटे बस में सफर कर कोज्या पहुंचे कलेक्टर**

# कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में बिछात पर बैठकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा नीमच से साढ़े तीन घंटे का यात्री बस में सफर तय कर गुरूवार रात्रि में सुदूर क्षेत्र ग्राम कोज्या में आयोजित रात्रि चौपाल में पहुंचे। जिला अधिकारियों और ग्रामीणों संग रात्रि चौपाल में बिछात पर बैठकर कलेक्टर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। कलेक्टर ने एक-एक कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं एवं समाधान के निर्देश दिए।**

रात्रि चौपाल में जिलाधिकारियों ने विभागीय योजनाओं से अवगत कराकर ग्रामीणों को लाभ लेने की प्रक्रिया बताई। विद्युत समस्या, आधार अपडेशन, उर्वरक, पशुपालन एवं सहकारी समिति संबंधित कार्यों और समस्याओं के समाधान के लिए मई के प्रथम सप्ताह में कोज्या में शिविर लगाने के निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए है। टी.बी. मुक्त अभियान के तहत मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए। बच्चों को न्यूट्री बास्केट (सुपोषण किट) वितरित की गईं। बोर्ड परीक्षाओं में प्रवीण्य सूची में आने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्री चंद्रा ने आयुष आरोग्य





मंदिर परिसर में पौधरोपण किया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागी बनने का आव्हान किया। जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अमन वैष्णव, ए.डी.एम. श्री बी.एस. कलेश, एस.डी.एम. सुश्री प्रीति संघवी, डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन सहित सभी विभागों के जिला अधिकारियों ने उपस्थित होकर सभी चौपाल पर ग्रामीणों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी बताई। प्रारंभ में स्थानीय जनपद प्रतिनिधि एवं सरपंच प्रतिनिधि ने साफा बांधकर कलेक्टर व अतिथियों का स्वागत किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए रात्रि चौपाल आयोजन के उद्देश्य एवं कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। तत्पश्चात एक-एक कर ग्रामीणों से संवाद कर कलेक्टर ने उनकी समस्याएं सुनी और उनका समाधान करने के निर्देश संबंधित जिला अधिकारियों को दिए।

लगभग साढ़े तीन, चार घंटे चली इस रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने उपस्थिति लगभग सभी ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। रात्रि चौपाल में आसपास के गांव के पंचायत पदाधिकारी ग्रामीण जन बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष तथा स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थी। कलेक्टर ने जिलाधिकारियों के साथ स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों और ग्रामीणों के बीच के पंगत में बैठकर रात्रि भोजन भी ग्रहण किया।